भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 346 | बिजौलिया - बुधवार, 01 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# बिना GPS के खनिज परिवहन पर रोक, प्रदेशभर में नई डिजिटल व्यवस्था लागू

## 30 जून से लागू हुए नियम, अब वाहनों की लाइव ट्रैकिंग और धर्मकांटों का डेटा सीधे विभागीय पोर्टल पर

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में खनिज परिवहन व्यवस्था 30 जून से पूरी तरह डिजिटल निगरानी के दायरे में आ गई है। खान एवं पेट्रोलियम विभाग ने अवैध खनन, अवैध परिवहन और राजस्व चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब बिना जीपीएस आधारित ट्रैकिंग सिस्टम वाले वाहन खनिज का परिवहन नहीं कर सकेंगे, वहीं परिवहन में लगे वाहनों की लाइव लोकेशन पर विभाग की सीधी निगरानी रहेगी।

नई व्यवस्था के तहत खनिज परिवहन करने वाले सभी वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD) और आरएफआईडी (RFID) टैग लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इन उपकरणों के बिना किसी भी वाहन को ई-रवन्ना जारी नहीं किया जाएगा, जिससे वह खनिज का परिवहन नहीं कर सकेगा। ई-रवन्ना सरकार द्वारा



जारी किया जाने वाला ऑनलाइन परिवहन अनुमति पत्र है।

इसके साथ ही प्रदेश के सभी धर्मकांटों (वे-ब्रिज) को ऑटोमेशन प्रणाली से जोड़कर विभागीय पोर्टल पर लाइव किया जा रहा है। अब वाहनों का वजन सीधे ऑनलाइन दर्ज होगा, जिससे वजन में हेराफेरी, फर्जी बिलिंग और अन्य अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि तय समय तक ऑटोमेशन पूरा नहीं करने वाले धर्मकांटों को पोर्टल से हटा दिया जाएगा और वहां से जारी रवन्ना मान्य नहीं रहेगा।

खान विभाग ने सभी माइनिंग लीज धारकों, परिवहनकर्ताओं और धर्मकांटा संचालकों को नए नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेशभर में चरणबद्ध शिविरों के माध्यम से वाहनों में जीपीएस और आरएफआईडी उपकरण लगाने का कार्य कराया गया है। जिन वाहनों में पहले से जीपीएस लगा हुआ है, उन्हें भी विभागीय पोर्टल पर पंजीकृत कर सक्रिय करना अनिवार्य किया गया है।

विभाग के अनुसार नई डिजिटल व्यवस्था से खनिज परिवहन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। वाहनों की रियल टाइम निगरानी होने से अवैध खनन, अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग और रॉयल्टी चोरी पर प्रभावी रोक लगेगी, जबकि सरकार को मिलने वाले राजस्व की निगरानी भी पहले से अधिक मजबूत होगी।

गौरतलब है कि इस व्यवस्था को लागू करने की समय-सीमा पहले कई बार बढ़ाई गई थी। खनन पट्टा धारकों और परिवहन व्यवसायियों के आग्रह पर विभाग ने अतिरिक्त समय दिया था, लेकिन 30 जून 2026 से यह व्यवस्था प्रदेशभर में प्रभावी रूप से लागू कर दी गई है। अब बिना जीपीएस और निर्धारित डिजिटल प्रणाली से जुड़े वाहनों को खनिज परिवहन की अनुमति नहीं दी जा रही है।

# कोतवाली थाने का कांस्टेबल 6 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार


## एसीबी की लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई, फाइल में जल्द कार्रवाई के नाम पर मांगी थी रिश्वत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**(पुनित चपलोत)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा शहर के कोतवाली थाने में तैनात कांस्टेबल रज्जाक मोहम्मद को 6 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर एक पुराने प्रकरण में जल्द कार्रवाई करने तथा परिवादी को परेशान नहीं करने की एवज में रिश्वत मांगने का आरोप है।

एसीबी के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके खिलाफ कोतवाली थाने में दर्ज एफआईआर की जांच चल रही है। मामले की जांच एएसआई मदनलाल जांगिड के पास थी, जबकि प्रकरण की फाइल संबंधी कार्य कांस्टेबल रज्जाक मोहम्मद देख रहा था। आरोप है कि कांस्टेबल ने फाइल में शीघ्र कार्रवाई करने के नाम पर पहले 20 हजार रुपये की मांग की, बाद में 15 हजार रुपये में सौदा तय हुआ। आरोपी पहले ही 5 हजार रुपये ले चुका था तथा शेष राशि के लिए लगातार दबाव बना रहा था।

एसीबी ने 29 जून को शिकायत का सत्यापन कराया, जिसमें 15 हजार



रुपये की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद मंगलवार को एसीबी अजमेर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन तथा भीलवाड़ा प्रथम इकाई के उप अधीक्षक पारसमल के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान आरोपी ने परिवादी से 6 हजार रुपये लेकर अपनी मोटरसाइकिल की टंकी पर लगे कपड़े के छोटे बैग में रखवाए। इसी दौरान एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार कर रिश्वत की राशि बरामद कर ली। एसीबी ने आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की अग्रिम जांच जारी है।

# उम्मेद सागर गोलीकांडः तीन आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

## सरकारी डाक बंगले में शराब पार्टी पर उठे सवाल, प्रतिष्ठित परिवारों से जुड़े युवकों की भूमिका भी जांच के दायरे में

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)।** उम्मेद सागर बांध स्थित जल संसाधन विभाग के डाकबंगले में रविवार को दोस्तों की पार्टी के दौरान हुई फायरिंग के मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों को पूछताछ एवं बरामदगी के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस अब मामले की तह तक पहुंचने के लिए विभिन्न पहलुओं की गहन जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर करीब आधा दर्जन युवक उम्मेद सागर बांध क्षेत्र स्थित डाकबंगले में पार्टी कर रहे थे। इसी दौरान आपसी कहासुनी विवाद में बदल गई और टोपीदार बंदूक से फायर हो गया। फायरिंग में गाडरी



खेड़ा निवासी महेंद्र कहार गंभीर रूप से घायल हो गया। गोली के तीन छर्रे उसके पैर में लगे, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ। उसे पहले शाहपुरा जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर कर दिया गया। उसका उपचार जारी है।

घटना के बाद शाहपुरा थाना पुलिस ने पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विष्नोई के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए करीब पांच घंटे के भीतर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विनोद नायक (सेवनी), सूरज हरिजन (उदयभान गेट) और किशन बागरिया (गांछा बस्ती) शामिल हैं। तीनों को शाहपुरा एसीजेएम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी विनोद नायक ने टोपीदार बंदूक से फायर किया था। घटना के समय घायल महेंद्र के साथ किशन गुर्जर और टिल्लू गुर्जर भी मौजूद थे।

जांच के दौरान सरकारी डाकबंगले में आयोजित पार्टी को लेकर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, पार्टी में शाहपुरा के कुछ प्रतिष्ठित परिवारों से जुड़े युवक भी शामिल थे। पुलिस उनकी भूमिका की भी पड़ताल कर रही है।

इसके अलावा डाकबंगले में तैनात कार्मिक की भूमिका भी जांच के घेरे में है। पुलिस यह पता लगा रही है कि घटना के समय कर्मचारी मौके पर मौजूद था या नहीं तथा उसे पार्टी आयोजित होने की जानकारी थी या नहीं।

# आज से वीबी-जी रामजी का समय बदलेगा, सुबह 9 से शाम 5 बजे तक होगा काम



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत 1 जुलाई से वीबी-जी रामजी कार्यों के समय में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार अब श्रमिकों का कार्य समय प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा, जबकि दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक विश्राम का समय निर्धारित किया गया है।

जयपुर जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 के प्रावधानों के तहत यह व्यवस्था लागू की जा रही है।

उन्होंने बताया कि यदि किसी श्रमिक समूह द्वारा निर्धारित समय से पहले आवंटित टास्क पूरा कर लिया जाता है, तो मेट के पास उपलब्ध मस्टररोल में टास्क प्रपत्र में इसकी प्रविष्टि कर समूह के मुखिया के हस्ताक्षर करवाने के बाद श्रमिक कार्यस्थल छोड़ सकेंगे।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि संबंधित मेट निर्धारित समय तक कार्यस्थल पर मौजूद रहेगा। साथ ही नई व्यवस्था में श्रमिकों के लिए निर्धारित कार्य (टास्क) में किसी प्रकार की कटौती नहीं की गई है।

# अवैध मिट्टी माफियाओं पर प्रशासन का शिकंजा, तहसीलदार की दबिश में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

## दिन-रात चल रहे अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई से मचा हड़कंप।

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ग्रामीण**

**दिनेश पारीक।** थाना क्षेत्र के लखमनियास गांव में अवैध मिट्टी दोहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है। तहसीलदार श्री लाल मीणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर दबिश देकर अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ लिया। कार्रवाई के बाद अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

तहसीलदार श्रीलाल मीणा ने बताया कि लखमनियास गांव में बिना वैध अनुमति के मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन किए जाने की सूचना पर टीम



ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। जांच के दौरान तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध रूप से मिट्टी का परिवहन करती मिलीं, जिन्हें जब्त कर कोटड़ी थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि तीनों वाहनों के विरुद्ध एमएमडीआर के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि इन दिनों कोटड़ी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी और मिट्टी का दोहन दिन-रात जारी रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। ऐसे में प्रशासन की इस कार्रवाई को अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त संदेश माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने भी अवैध खनन पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की मांग की है।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# अवैध बजरी परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की हैं। दोनों वाहनों से बिना वैध अनुमति के बजरी का परिवहन किया जा रहा था।

थानाधिकारी जसवंत सिंह ने बताया कि पहली कार्रवाई अलसुबह नाहरगढ़ चौराहे पर नाकाबंदी के दौरान की गई, जहां बिना नंबर का एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध बजरी परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वहीं दूसरी कार्रवाई दोवनी और जीवा का खेड़ा के बीच बनास नदी क्षेत्र में की गई, जहां बिना नंबर का एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रूप से बजरी ले जाते हुए जब्त किया गया।

पुलिस ने दोनों मामलों में अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मेजा बांध में डूबने से युवक की मौत, चार घंटे की तलाश के बाद मिला शव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**





जिले के मांडल थाना क्षेत्र स्थित मेजा बांध में घूमने पहुंचे एक 23 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक ने हादसे से कुछ समय पहले अपने पिता को फोन कर जल्द घर लौटने की बात कही थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बांध की पाल पर युवक की बाइक और मोबाइल मिलने के बाद अनहोनी की आशंका गहरा गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों ने करीब चार घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद शव को पानी से बाहर निकाला।

पुलिस के अनुसार पांसल निवासी रोहित सिंह (23) पुत्र अमर सिंह रविवार को मेजा बांध घूमने गया था। घर से निकलने के बाद उसने अपने पिता को फोन कर बताया था कि वह मेजा बांध पर है और थोड़ी देर में वापस आ जाएगा। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और परिवार का उससे संपर्क टूट गया।

काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन उसकी तलाश करते हुए मेजा बांध पहुंचे। वहां पाल पर रोहित की बाइक और मोबाइल पड़े मिले। यह देखकर परिजनों ने तत्काल मांडल थाना पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रोहिताश्व यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की सहायता से डेम में तलाश अभियान शुरू किया गया। करीब तीन से चार घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद देर शाम युवक का शव गहरे पानी से बरामद कर बाहर निकाला गया।

प्रारंभिक जांच में माना जा रहा है कि बांध का जलस्तर (गेज) देखते समय रोहित का पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पानी में जा गिरा और बाहर नहीं निकल सका। हालांकि, हादसे के वास्तविक कारणों की जांच पुलिस कर रही है।

शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया, जहां मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यमुना का पानी नीमकाथाना पहुंचा तो खुद CM आवास जाकर करूंगा स्वागतः गहलोत

**पूर्व मुख्यमंत्री बोले कागजी राजनीति नहीं, किसानों को हक का पानी दिलाए सरकार; पंजाब से राजस्थान के हिस्से का पानी लाने की भी उठाई मांग**




**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यमुना जल समझौते को लेकर राज्य सरकार और मंत्रियों की बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्होंने पहले भी स्पष्ट कहा था और आज भी अपने बयान पर कायम हैं कि जिस दिन यमुना का पानी नीमकाथाना पहुंच जाएगा, वह स्वयं मुख्यमंत्री आवास जाकर मुख्यमंत्री का स्वागत और अभिनंदन करेंगे।

सिविल लाइंस स्थित आवास पर पत्रकारों से बातचीत में गहलोत ने कहा कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एमओयू (स्थ्) या एमओए (स्थ्र) जैसी कागजी प्रक्रियाओं से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि राजस्थान को वास्तव में पानी मिले। यदि वर्ष 1994 के ऐतिहासिक समझौते को धरातल पर लागू कर दिया जाता है तो यह पूरे प्रदेश, विशेषकर शेखावाटी क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

उन्होंने कहा कि कुछ लोग केवल राजनीतिक लाभ और शीर्ष नेतृत्व को खुश करने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि वह इस विषय पर केवल सकारात्मक सोच रखते हैं।गहलोत ने इस दौरान राजीव-लौंगोवाल समझौते का भी उल्लेख करते हुए कहा कि राजस्थान आज तक पंजाब से अपने हिस्से का 0.8 एमसीएम पानी नहीं ला पाया है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस दिशा में गंभीर प्रयास कर रहे हैं तो उसका स्वागत है, लेकिन वास्तविक सफलता तब मानी जाएगी जब राजस्थान को उसके हिस्से का पूरा पानी मिल जाएगा। इससे श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर सहित नहरी क्षेत्र के किसानों को बड़ा लाभ मिलेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार पर जल प्रबंधन में लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि नहरों की मरम्मत के बाद भी कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुचारू नहीं हो सकी है। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में जोधपुर दौरे के दौरान लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसते देखा।


गहलोत ने कहा कि उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल में पंजाब की अलग-अलग सरकारों के साथ बेहतर समन्वय बनाकर राजस्थान के किसानों के लिए पानी की कमी नहीं होने दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान में श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ के किसान सिंचाई और पेयजल संकट से जूझ रहे हैं तथा सरकार इस समस्या का समाधान करने में विफल रही है।

उन्होंने सरकार से राजनीति से ऊपर उठकर किसानों और आमजन को समय पर उनके हक का पानी उपलब्ध कराने तथा जल प्रबंधन को प्रभावी बनाने की अपील की।

# रोशनदान तोड़कर घर में घुसे चोर, एक किलो चांदी की करधनी चोरी

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**





**(सांवर वैष्णव)।** बड़लियास थाना क्षेत्र के ओड़ों का खेड़ा गांव में सोमवार रात अज्ञात चोरों ने रोशनदान तोड़कर घर में प्रवेश किया और कमरे में रखी करीब एक किलो वजनी चांदी की करधनी चोरी कर ले गए। पीड़िता की रिपोर्ट पर बड़लियास थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाली देवी ओड़ ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि सोमवार रात वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के बाहर सो रही थीं। रात करीब 12 बजे बिजली चली जाने के कारण सभी बाहर ही सो गए। देर रात करीब एक बजे उनकी नींद खुली तो कमरे का दरवाजा खुला मिला, जबकि सोने से पहले उन्होंने दरवाजा बंद किया था।कमरे में जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर लोहे की पेटी में कपड़ों के बीच रखी करीब एक किलो चांदी की करधनी गायब मिली। आशंका है कि अज्ञात चोर रोशनदान तोड़कर कमरे में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

बड़लियास थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जयकार समाज की मासिक बैठक में समाजहित के कई अहम निर्णय, सितंबर में होगा विशाल रक्तदान शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जयकार समाज की मासिक बैठक मंगलवार को युवा जिला अध्यक्ष कमल पोरवाड़ के शास्त्री नगर स्थित निवास पर आयोजित की गई। बैठक में समाज के विकास संगठनात्मक मजबूती एवं सामाजिक सरोकारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक के दौरान समाज की आय-व्यय का लेखा-जोखा सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर उपस्थित सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। आगामी सितंबर माह में जिला मुख्यालय पर समाज के तत्वावधान में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए समाज के युवाओं एवं रक्तदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करने की रणनीति भी बनाई गई। समाज के युवक-युवतियों के लिए वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे योग्य युवक-युवतियों को एक उपयुक्त मंच उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले समाज के विद्यार्थियों के लिए जिला मुख्यालय पर ठहरने एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दुर्गालाल बारेठ, जिलाध्यक्ष लादूलाल फोगा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दुर्गालाल चौधरी, जिलाकोषाध्यक्ष भेरूलाल रेवल, कार्यकारी अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद डोगा, गोपाललाल बराला, अंबालाल चौधरी, बसंतीलाल जाम का, लादूलाल हालिमंगा, कैलाश कुमार बागड़वा, सत्यनारायण सगदार, कमल पोरवाड़, राजकुमार रेवल, राजन पोरवाड़, दिनेश कुमार हुर्रा, सांवरलाल फोगा, सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। सभी ने समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने और पारित प्रस्तावों को समयबद्ध रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

# बिलिया में ग्रामीण जन कल्याण शिविर, मौके पर सुनी समस्याएं, पट्टे व जॉब कार्ड वितरित






**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

ग्राम पंचायत बिलिया में मंगलवार को आयोजित ग्रामीण जन कल्याण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया गया। शिविर में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे और आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। वहीं पात्र श्रमिकों को जॉब कार्ड सौंपे गए, जिससे उन्हें ग्रामीण रोजगार योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अलावा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के अंतर्गत चयनित पशुपालकों को बीमा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए, जिससे पशुधन की सुरक्षा के साथ आर्थिक संबल भी मिलेगा।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लोगों से आवेदन प्राप्त किए। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठाया और अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर तहसीलदार भींवराज परिहार, विकास अधिकारी प्रकाशचंद स्वर्णकार, एसीबीओ डॉ. सत्यनारायण कुमावत, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष जीवराज गुर्जर, सीआर सांवर गुर्जर, सरपंच मंजू बैरवा, सरपंच प्रतिनिधि अर्जुन बैरवा, रामलाल जाट, मंगना गुर्जर, भागचंद कुमावत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# अवैध खनन व रॉयल्टी वसूली के विरोध में फूटा गुस्सा, ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी



**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद**

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 स्थित आमलीखेड़ा की झोपड़ियों के निवासियों ने मंगलवार को क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन और अवैध रॉयल्टी वसूली के विरोध में प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने एकत्रित होकर तहसीलदार जय सिंह को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा और इस पूरे खेल पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र में कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा दिन-रात धड़ल्ले से अवैध खनन कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, इन रसूखदारों द्वारा क्षेत्र से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों को डरा-धमकाकर उनसे अवैध रूप से रॉयल्टी की वसूली भी की जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों और वाहन चालकों में भारी रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों के अनुसार अवैध वसूली के इस खेल में फर्जी रसीदों का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। इन संदिग्ध रसीदों पर न तो खनन विभाग का कोई नाम या सील अंकित है और न ही वसूली जाने वाली राशि का कोई लेखा-जोखा दर्ज किया जाता है। आरोप है कि माफिया तत्वों द्वारा प्रति ट्रैक्टर 400 रुपए की अवैध वसूली कर सरकार और जनता को चूना लगाया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने प्रशासन से इस पूरे गोरखधंधे की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि यदि प्रशासन द्वारा इस अवैध गतिविधि पर शीघ्र ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन का रास्ता अपनाने पर मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी।




QUICK BITES

## नारायणपुरा की चरागाह व बिलानाम भूमि पर मेवदा के ग्रामीणों का कब्जा, भूमि दी ठेके पर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



मूलचन्द पेसवानी

शाहपुरा पंचायत समिति की अरनिया घोड़ा ग्राम पंचायत के नारायणपुरा पटवार हलका क्षेत्र की लगभग 25 बीघा चरागाह व बिलानाम भूमि पर निकटवर्ती मेवदा के ग्रामीणों ने कब्जा कर उस भूमि पर अवैध रूप् से तालाब का निर्माण कर इसे ठेके पर दे दिया है। राजस्व विभाग द्वारा गिरदावरी में भी इसकी रिपोर्ट नहीं करने पर मंगलवार को नारायणपुरा के आक्रोशित ग्रामीणों ने तहसीलदार कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया तथा पांच घंटे का इंतजार करने के बाद देर सांय तहसीलदार के आने पर उनको ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने नारायणपुरा की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त नहीं कराने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

पूर्व पार्षद भगवान सिंह यादव, महेंद्र कुमावत, गजराज कुमावत, गणेश गाडरी, गोपाल, भागचंद कुमावत, शिवराज, भेरूलाल भील, नारायण कुमावत, नाना गाडरी, भेरू नाथ, खाना गाडरी की अगुवाई में शाहपुरा पहुंचे नारायणपुरा के ग्रामीणों ने तहसीलदार भवंराज परिहार को दिये ज्ञापन में कहा है कि नारायणपुरा की चरागाह भूमि खसरा संख्या 411, 412, 413, 414, 415, 416, 420, 421, 422, 423 तथा बिलानाम खसरा संख्या 424, 425, 426, 427, 428, 429, में निकटवर्ती मेवदा के कतिपय प्रभावशाली लोगों ने पहले अतिक्रमण कर उस भूमि पर अवैध तरीके से तालाब का निर्माण कराकर उसे किसी बाहरी को ठेके पर दे दिया है। इससे नारायणपुरा के ग्रामीणों के पशु चरने से वंचित हो रहे है। तथा ग्रामीणों को अपने पशु चराने के लिए मारे मारे फिरने को मजबूर होना पड़ रहा है। तहसीलदार को ज्ञापन देकर अतिक्रमण को हटाने, चरागाह व बिलानाम भूमि का सीमा ज्ञान करा कर नारायणपुरा के ग्रामीणों को पशुओं को चराने के लिए सौंपने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ऐसा न होने पर ग्रामीण आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। तहसीलदार परिहार ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की जांच करा कर कार्रवाई के निर्देश गिरदावर को दिये है।

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन, अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




भारतीय किसान संघ, चित्तौड़ प्रांत (भीलवाड़ा) की ओर से अफीम उत्पादक किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला आपदा प्रमुख पुष्करलाल मीणा ने बताया कि सीपीएस (ष्टक्क) पद्धति लागू होने से अफीम उत्पादक किसानों और इस कार्य से जुड़े मजदूरों का पारंपरिक रोजगार प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि डोडा-चूरा के नष्टीकरण को लेकर स्पष्ट नीति नहीं होने के कारण निर्दोष किसानों को अनावश्यक कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार डोडा-चूरा के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करे तथा एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/29 के कथित दुरुपयोग पर रोक लगाए।

ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार डोडा-चूरा का उचित मूल्य पर क्रय करे। यदि नष्टीकरण किया जाता है तो किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही किसानों से स्वघोषणा पत्र लेकर खेतों में ही डोडा-चूरा को खाद के रूप में नष्ट करने की अनुमति प्रदान की जाए।

इस दौरान जिला अध्यक्ष भेरूलाल आचार्य, प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, जिला अफीम आयाम प्रमुख रामपाल जाट, जिला मंत्री लादूलाल जाट, जिला आपदा प्रमुख पुष्करलाल मीणा, रामकुवार जाट, रामेश्वर जाट सहित भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में सुनी समस्याएं, विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



ग्राम पंचायत गेणोली में मंगलवार को एकदिवसीय ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए मौके पर कई समस्याओं का समाधान किया।

शिविर के दौरान ग्राम पंचायत की ओर से पांच पेंशनधारियों की पेंशन पुनः शुरू (री-ओपन) की गई। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत आवेदन भी प्राप्त किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्तर पर प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया।

दोपहर करीब 12 बजे उपखंड अधिकारी स्वाति झा शिविर में पहुंचीं और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर विकास अधिकारी हरिराम विजयवर्गीय, ग्राम विकास अधिकारी मुकुल ऐरन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेहरूखुर्द में अवैध शराब ब्रांच बंद कराने की मांग तेज, तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो धरने की चेतावनी

### महिलाओं समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ सावर

दिलखुश

ग्राम पंचायत आमली के गांव मेहरूखुर्द एवं आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों ने सोमवार को उपखंड अधिकारी सावर को ज्ञापन सौंपकर वर्षों से संचालित अवैध शराब ब्रांच को तत्काल बंद कराने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो वे अवैध शराब ब्रांच के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि मेहरूखुर्द में लंबे समय से संचालित कथित अवैध शराब ब्रांच के कारण पूरे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। यहां दिन-रात शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं, छात्राओं, राहगीरों एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शराब के नशे में आए दिन गाली-गलौज, मारपीट, झगड़े और अन्य असामाजिक गतिविधियां होती रहती हैं, जिससे गांव का शांतिपूर्ण माहौल बिगड़ गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि समूह संख्या 283 के अंतर्गत आमली एवं गोरधा ग्राम



पंचायत क्षेत्र के लिए केवल एक वैध शराब दुकान स्वीकृत है। इसके बावजूद मेहरूखुर्द में कथित रूप से अवैध शराब ब्रांच संचालित होना आबकारी नियमों का खुला उल्लंघन है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब यहां किसी वैध शराब दुकान की स्वीकृति नहीं है तो आखिर यह कारोबार किसके संरक्षण में चल रहा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि यह अवैध शराब ब्रांच चार रास्तों के संगम (क्रॉसिंग) के निकट स्थित है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। नशे में धुत लोगों के कारण सड़क पर अव्यवस्था का माहौल रहता है तथा दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं और भविष्य में बड़ी जनहानि की आशंका बनी हुई है।

ग्रामीणों ने बताया कि मेहरूखुर्द, किशनपुरा, माधोपुरा सहित आसपास के गांवों के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसी मार्ग से मेहरूकलां स्थित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्ययन के लिए आते-जाते हैं। शराबियों की भीड़ और अभद्र व्यवहार के कारण छात्राओं एवं महिलाओं में भय का वातावरण बना रहता है। कई अभिभावकों ने भी इस स्थिति पर चिंता जताई है।

ग्रामीणों ने धार्मिक आस्था का भी हवाला देते हुए बताया कि मेहरूखुर्द स्थित भैरव धाम पर प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार, रविवार सहित अन्य दिनों में प्रदेश एवं देश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे धार्मिक स्थल के समीप कथित अवैध शराब बिक्री से क्षेत्र की छवि धूमिल हो रही है और श्रद्धालुओं में भी असंतोष है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि इस अवैध शराब ब्रांच के कारण युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में आ रही है, जिससे कई परिवार आर्थिक, सामाजिक एवं मानसिक संकट का सामना कर रहे हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि शराब की वजह से घरेलू कलह और पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं तथा सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है।ग्रामीणों ने हाल ही में इसी अवैध शराब ब्रांच पर दो गुटों के बीच हुई मारपीट की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में और गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।

ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने मांग की कि मेहरूखुर्द में संचालित कथित अवैध शराब ब्रांच की तत्काल जांच कर उसे स्थायी रूप से बंद कराया जाए, अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों एवं उनके संरक्षकों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, क्षेत्र में पुलिस एवं आबकारी विभाग की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, विद्यार्थियों एवं महिलाओं की सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जाएं, भैरव धाम एवं आसपास के क्षेत्र को नशामुक्त क्षेत्र घोषित करने पर विचार किया जाए तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

इस दौरान देवीलाल, संतरा, प्रेम, सीता मीणा, बदाम, सुनीता, ललिता, गलकु, आशा, विमला, नंदू, पुष्पा देवी, सुशीला, सीमा, माया, लाली देवी, काली, अंजू सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

# न्याय और स्वास्थ्य का संगम! जिला जज को चौधरी ने 'कैंसर थ्रु आयुर्वेदिक लेंस' पुस्तक भेंट की

### जिला जज अभय जैन ने वैद्य हंसराज चौधरी संग की आयुर्वेद पर गहन चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी

न्याय व्यवस्था और स्वास्थ्य चेतना का अनूठा संगम मंगलवार को भीलवाड़ा में देखने को मिला, जब जिला एवं सत्र न्यायाधीश अभय जैन ने अपने कोर्ट चैंबर में श्री नवग्रह आश्रम के संस्थापक वैद्य हंसराज चौधरी से आत्मीय मुलाकात कर आयुर्वेद और स्वास्थ्य विषयों पर लंबी एवं सार्थक चर्चा की।

मुलाकात के दौरान वैद्य हंसराज चौधरी ने अपनी चर्चित अंग्रेजी पुस्तक 'कैंसर थ्रु आयुर्वेदिक लेंस' जिला जज अभय जैन को भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने कैंसर उपचार में आयुर्वेद की भूमिका, अपने अनुभवों तथा प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। पुस्तक के



माध्यम से उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और स्वास्थ्य चेतना को लेकर अपनी गहन सोच साझा की। बैठक के दौरान सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य जागरूकता, योग, तनाव प्रबंधन और जनकल्याण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर मंथन हुआ। चर्चा के दौरान जिला जज अभय जैन और वैद्य चौधरी के बीच इस बात पर सहमति बनी कि आगामी दिनों में जिले के सभी न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों को तनावमुक्त जीवन, स्वस्थ दिनचर्या, योग, आयुर्वेदिक उपचार और मानसिक संतुलन बनाए रखने के व्यावहारिक उपाय बताए जाएंगे, ताकि वे अपने व्यस्त कार्यक्षेत्र के साथ पारिवारिक जीवन में भी इन विधाओं का लाभ ले सकें। वैद्य हंसराज चौधरी ने कहा कि जिला जज अभय जैन का स्नेह, मार्गदर्शन और प्रेरणादायी व्यक्तित्व हमेशा नई ऊर्जा देता है। उन्होंने बताया कि मुलाकात के दौरान समाज में सकारात्मक स्वास्थ्य संदेश पहुंचाने और आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर सार्थक संवाद हुआ।

उल्लेखनीय है कि श्री नवग्रह आश्रम द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक सेवा और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान अब जिले में चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं। आयुर्वेद के माध्यम से जनसेवा की यह अनूठी पहल लोगों के बीच तेजी से विश्वास और पहचान बना रही है।

# दो साल से बंद वृद्धावस्था पेंशन शिविर में हुई शुरू, बुजुर्ग के चेहरे पर लौटी मुस्कान

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

पंचायत समिति सहाड़ा की ग्राम पंचायत शिवरती में मंगलवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में विभिन्न विभागों ने आमजन की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करते हुए पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया।

शिविर की सबसे बड़ी उपलब्धि ग्राम कालाढूंढा निवासी 71 वर्षीय लादू जांगलिया की करीब दो वर्षों से बंद वृद्धावस्था पेंशन का पुनः शुरू होना रही। पेंशन बंद होने से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे लादू जांगलिया की समस्या का सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने मौके पर ही समाधान कर पेंशन चालू कर दी। पेंशन पुनः शुरू होने पर उन्होंने जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से अन्नप्राशन, गोदभराई और जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए। कृषि विभाग ने देउ (लादू) भील एवं कमला (डालू) भील को मूंग बीज मिनीकिट वितरित किए, जबकि पशुपालन विभाग ने मंगला को पशु बीमा पॉलिसी उपलब्ध कराई।आयुर्वेद विभाग ने सल्यावड़ी निवासी नरेन्द्र सिंह का पिस्टुला रोग का उपचार किया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने पात्र लाभार्थियों को निक्षय पोषण किट वितरित की। वहीं राजस्व विभाग ने आपसी सहमति से भूमि बंटवारे के एक



प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण कर संबंधित पक्षों को राहत दिलाई।

शिविर में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत शिवरती के सरपंच सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों से राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आमजन की समस्याओं के शीघ्र समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में प्रभावी साबित हो रहे हैं।

# चारागाह भूमि पर अतिक्रमण हटाने की मांग, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

उपखंड क्षेत्र के ग्राम जौलास के ग्रामीणों ने गांव की चारागाह भूमि पर कथित अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि चारागाह के लिए राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर मकानों का निर्माण कर लिया है, जबकि कई स्थानों पर पत्थरों की दीवारें खड़ी कर बाड़े बना दिए गए हैं। वहीं कुछ जगहों पर नए निर्माण के लिए नींव भरने का कार्य भी किया जा रहा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम जौलास, पटवार हल्का चांदजी की खेड़ी स्थित आराजी संख्या 461 सहित अन्य भूमि राजस्व रिकॉर्ड में चारागाह के रूप में दर्ज है, जो गांव के पशुओं के चरने-फिरने के लिए आरक्षित है। उनका कहना है कि यदि लगातार अतिक्रमण और निर्माण कार्य जारी रहे तो भविष्य में पशुओं के लिए चारागाह की गंभीर समस्या खड़ी हो जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर चारागाह भूमि से कथित अतिक्रमण हटाने, अवैध निर्माण पर रोक लगाने तथा संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



# राजस्थान युवा गुर्जर महासभा की जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 3 जुलाई को भोजा पायरा में

## समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं जिलेभर से बड़ी संख्या में समाजजन होंगे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा।



राजस्थान युवा गुर्जर महासभा जिला भीलवाड़ा की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी एवं जिले की सभी तहसीलों के नव नियुक्त तहसील अध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 3 जुलाई 2026 को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक तीर्थस्थल भोजा पायरा में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया जाएगा। समारोह को लेकर संगठन एवं समाज के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है तथा जिलेभर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। राजस्थान युवा गुर्जर महासभा जिला भीलवाड़ा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नारायण लाल गुर्जर काकड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में नवगठित जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों के साथ साथ जिले की विभिन्न तहसीलों के नवनियुक्त तहसील अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई जाएगी। समारोह का उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना, युवाओं को सामाजिक नेतृत्व के लिए प्रेरित करना तथा समाजहित के कार्यों को गति प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनारायण बोर्ड, राजस्थान सरकार के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना रहेंगे, जबकि समारोह की अध्यक्षता राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कालूलाल गुर्जर करेंगे। समारोह में राजस्थान युवा गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गौरव गुर्जर, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, साहित्यकार छीतरलाल कसाना, पूर्व उप प्रधान सुखलाल गुर्जर, जिलाध्यक्ष शंकरलाल गुर्जर, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल सराधना सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। जिलाध्यक्ष नारायण लाल गुर्जर काकड़ा ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं, युवाओं एवं महिलाओं के समारोह में शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की भावी कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी तथा समाज में शिक्षा, संगठन, युवा नेतृत्व, सामाजिक समरसता, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण और समाजोत्थान जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने जिलेभर के समाजबंधुओं से अधिकाधिक संख्या में समारोह में पहुंचकर नव नियुक्त पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करने एवं संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान युवा गुर्जर महासभा समाज के युवाओं को सकारात्मक दिशा देने, सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने तथा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। यह शपथ ग्रहण समारोह संगठन के लिए एक नई ऊर्जा और नई शुरुआत का प्रतीक बनेगा। राजस्थान युवा गुर्जर महासभा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष नारायण लाल गुर्जर काकड़ा के अनुसार कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत, शपथ ग्रहण, संगठनात्मक संबोधन, समाजहित के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श तथा सम्मान समारोह सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं।

# शिवम् अजमेरा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

## राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक संपन्न, संगठन के विस्तार, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को लेकर की विस्तृत चर्चा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।





राष्ट्रीय बजरंग दल भीलवाड़ा की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक सांवरिया सेठ मंदिर, नौगांवा परिसर में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्य योजनाओं और सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक घोषणा भी की गई। राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर ने बताया कि सनातन धर्म के प्रति गहरी लग्न, निष्ठा एवं ईमानदारी से किए गए कार्यों को देखते हुए शिवम् अजमेरा को राष्ट्रीय बजरंग दल के भीलवाड़ा जिले के व्यापार प्रकोष्ठ का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिलाध्यक्ष रितेश गुर्जर ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए आशा व्यक्त की कि नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष शिवम् अजमेरा के नेतृत्व में व्यापार जगत में संगठन बेहद मजबूत होगा। वे अपने बेहतरीन प्रयासों से भीलवाड़ा जिले में राष्ट्रीय बजरंग दल को एक नई ऊँचाई पर लेकर जाएँगे। इस अवसर पर बनवारी गाडरी, देवीलाल सुथार, दीपक तुर्किया, ऋषभ जैन, विमेश रांका, रामपाल, सुशील श्रीश्रीमाल, श्रेयांश जैन, गिरीराज शर्मा, राहुल अग्रवाल, ऋषभ श्रीश्रीमाल, मनीष बड़ौला, शिव धुप्पड़, अभिषेक आंचलिया, निखिल बापना, नीरज आंचलिया, भावेश बाबेल, कपिल गुप्ता, कुशकांत शर्मा, कन्हैयालाल सोनी सहित उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अजमेरा को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं के साथ हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

# आईसीएआई भीलवाड़ा ब्रांच द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक इंटरैक्टिव सेशन आयोजित

## एआई से नहीं घटेंगे अवसर, बल्कि और मजबूत होगा सीए प्रोफेशनः सीए सौरभ अजमेरा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीलवाड़ा ब्रांच ऑफ आईसीएआई द्वारा सीए विद्यार्थियों के लिए एक विशेष इंटरैक्टिव सेशन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन WIRC of ICAI सीए सौरभ अजमेरा, तथा विशिष्ट अतिथि सेक्रेटरी, CIRC of ICAI सीए निर्भीक गांधी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 100 से अधिक सीए विद्यार्थियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि सीए सौरभ अजमेरा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में Artificial Intelligence को लेकर अनेक प्रकार की भ्रांतियाँ हैं। उन्होंने कहा कि एआई चार्टर्ड अकाउंटेंसी प्रोफेशन के अवसरों को कम नहीं करेगा, बल्कि यह चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के कार्य को अधिक प्रभावी, तेज़ और गुणवत्तापूर्ण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भविष्य में टैक्सेशन, ऑडिट, फॉरेंसिक ऑडिट, स्टार्टअप्स, फाइनेंशियल कंसल्टिंग, रिस्क मैनेजमेंट, डेटा एनालिटिक्स, वैल्यूएशन तथा अन्य कई क्षेत्रों में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध रहेंगे। इसलिए विद्यार्थियों को नई तकनीकों को अपनाने के साथ-साथ अपने ज्ञान एवं कौशल को निरंतर विकसित करना चाहिए। उन्होंने आगामी सीए परीक्षाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन, आईसीएआई स्टडी मटेरियल पर विशेष ध्यान, बार-बार रिवीजन, मॉक टेस्ट एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि अनुशासित एवं निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में सीए सौरभ अजमेरा ने अपनी जीवन यात्रा भी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि प्रोफेशनल जीवन में चुनौतियाँ प्रत्येक व्यक्ति के सामने आती हैं, लेकिन दृढ़ संकल्प, सकारात्मक सोच और निरंतर परिश्रम के बल पर हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने अपने संघर्ष, सीखने के अनुभव तथा नेतृत्व की यात्रा का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सीए निर्भीक गांधी ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी देश के सबसे प्रतिष्ठित एवं सम्मानित प्रोफेशन्स में से एक है। बदलते आर्थिक एवं तकनीकी परिवेश में योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रोफेशनल एथिक्स, सतत अध्ययन एवं नई तकनीकों को अपनाने पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एआई परीक्षा की तैयारी, करियर विकल्प, प्रैक्टिस, इंडस्ट्री तथा प्रोफेशन से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका दोनों अतिथियों ने विस्तारपूर्वक समाधान किया।

यह इंटरैक्टिव सत्र विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर भीलवाड़ा ब्रांच के चेयरमैन सीए दिनेश सुथार ने कहा कि ये भीलवाड़ा के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि सौरभ अजमेरा भीलवाड़ा के भोजरास गाँव से मुंबई जाकर आईसीएआई के वेस्टर्न रीज़न जिसमें 1.5 लाख से ज्यादा सीए और 3 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों का प्रतिनिधत्व कर रहे है जो संख्या की दृष्टि से पूरे भारत के सदस्यों और विद्यार्थियों का लगभग एक तिहाई से ज्यादा है। शाखा का उद्देश्य विद्यार्थियों को श्रेष्ठ मार्गदर्शन उपलब्ध कराना तथा उन्हें राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से जोड़ना है, जिससे वे बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थियों के हित में ऐसे शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। अंत में ब्रांच के सचिव सीए पुलकित राठी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों व उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सीए सत्यनारायण लाठी, सीए आलोक सोमानी, सीए नवीन वगेरीचा, सीए मनीष जिंदल, सीए सुनील सोमानी, सीए मुरली अटल, सीए अक्षय सोडानी एवं सीए अवधेश शर्मा सहित शाखा के वरिष्ठ सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में 100 से अधिक सीए विद्यार्थियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताते हुए इसकी सराहना की तथा भविष्य में भी ऐसे मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की।

QUICK BITES

## राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण, अंतिम प्रवेशित सूची जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सेठ मुरलीधर मानसिंह का राजकीय कन्या महाविद्यालय में आयुक्तालय द्वारा जारी प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार स्नातक प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर के लिए अंतिम प्रवेशित सूची जारी कर दी गई है। इसके साथ ही विभिन्न संकायों की श्रेणी परिवर्तन (कैटेगरी कन्वर्जन) सूची का भी प्रकाशन किया गया है, जिससे प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर प्राप्त हुआ है।

महाविद्यालय की प्रवेश प्रभारी डॉ. सीमा गौड़ ने बताया कि बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में कुल 900 सीटों के विरुद्ध 773 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है तथा 127 सीटें रिक्त हैं। बी.कॉम. प्रथम सेमेस्टर में 500 सीटों में से 69 पर प्रवेश हुए हैं और 431 सीटें रिक्त हैं। बी.एससी. (बायोलॉजी) में 176 में से 135 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है तथा 41 सीटें रिक्त हैं। बी.एससी. (गणित) में 88 सीटों में से 30 पर प्रवेश हुए हैं जबकि 58 सीटें रिक्त हैं। वहीं बी.एससी. (गृह विज्ञान) में 88 सीटों के विरुद्ध 32 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है तथा 56 सीटें शेष हैं।

इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय, हमीरगढ़ में 200 सीटों के विरुद्ध 61 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है तथा 139 सीटें रिक्त हैं। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार 1 जुलाई 2026 से सभी राजकीय महाविद्यालयों में नियमित शिक्षण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## बाबा बर्फानी के जयकारों के बीच अमरनाथ यात्रा के लिए 9 श्रद्धालु रवाना

भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास



(रोशन )। कस्बे एवं बरूंदनी क्षेत्र से मंगलवार को 9 श्रद्धालु श्रद्धा और उत्साह के साथ पवित्र अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। यात्रा पर प्रस्थान से पूर्व गांव के गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने यात्रियों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर तथा बाबा बर्फानी के जयकारों के बीच भावभीनी विदाई दी।

यात्रा पर रवाना होने वालों में मुरली गट्टाणी, बाबू तेली, शुभम वैष्णव, पंकज कुमार जायसवाल, कालूराम जायसवाल, सतीश जायसवाल, दिनेश जायसवाल, अक्षय सेन (बड़लियास) तथा आशीष पारीक (खजूरी) शामिल हैं।

विशेष बात यह रही कि मुरली गट्टाणी लगातार नौवीं बार पवित्र अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए हैं, जिसे क्षेत्र के लोगों ने आस्था और गौरव का विषय बताया।

इस अवसर पर शैतान सिंह शक्तावत, गजेंद्र साहू, शंकर खटीक, श्यामलाल अहीर, श्यामलाल चौधरी, दुर्गालाल गट्टाणी, राजेंद्र लढ़ा, रामराय लढ़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## कल्पना राठौड़ बनीं भीलवाड़ा महिला विंग जिला अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



पुनित चपलोत

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में संगठन विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष शीला शेखावत के निर्देश, संगठन मंत्री योगेंद्र सिंह कटार के आदेश तथा प्रदेश अध्यक्ष उजागर सिंह डाबला के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा बबलू सिंह ठुमिया की अनुशंसा पर कल्पना राठौड़ (शाहपुरा) को भीलवाड़ा महिला विंग का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

इस नियुक्ति के बाद संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कल्पना राठौड़ को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में महिला विंग और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन की विचारधारा को जिलेभर में प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं कल्पना राठौड़ ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की नीतियों के अनुरूप पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी तथा महिलाओं को अधिक से अधिक संगठन से जोड़ने का प्रयास करेंगी।

## सरथला में ब्रह्म भोज का आयोजन, गूंजे सरथला श्याम के जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



क्षेत्र के सरथला गांव स्थित श्री सरथला चारभुजानाथ मंदिर में मंगलवार को धार्मिक श्रद्धा एवं उत्साह के साथ ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान सरथला चारभुजानाथ के जयकारों के बीच मंदिर की विशेष परिक्रमा कर सुख-समृद्धि एवं अच्छी बारिश की कामना की। मंदिर में भगवान का आकर्षक श्रृंगार कर विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसके बाद आयोजित ब्रह्म भोज में श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी लादूलाल पाराशर, शंभूलाल पाराशर, भगवतीलाल, रघुवीर प्रसाद एवं ओमप्रकाश पाराशर ने बताया कि क्षेत्र में अच्छी वर्षा, खुशहाली और जनकल्याण की कामना को लेकर प्रतिवर्ष यह धार्मिक आयोजन किया जाता है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।